पुलिस भर्ती की परीक्षाएं ऑनलाइन कराने पर विचार

तैयारी

संवाददाता, पटना

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के माध्यम से होने वाली परीक्षाएं भविष्य में ऑनलाइन हो सकती है. आयोग इस पर काम कर रहा है और जल्द ही इससे संबंधित प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजेगा. आयोग के अध्यक्ष केएस द्विवेदी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आयोग ऑनलाइन परीक्षाएं आयोजित किये जाने संबंधित प्रस्ताव तैयार कर रहा है, जिसे एक-दो महीने में राज्य सरकार को भेज दिया जायेगा.

दो महीने में रिजल्ट देने की होगी कोशिश : अध्यक्ष ने बताया कि दारोगा के 1275 पदों के लिए परीक्षाओं की प्रक्रियाएं निबटाते हुए दो महीने में रिजल्ट देने की कोशिश होगी. प्रारंभिक परीक्षा से मेधा सूची के आधार पर पद के 20 गुना यानी करीब 26 हजार अभ्यर्थियों का चुना जायेगा. यह परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा देंगे. मुख्य परीक्षा में बैठने वाले परीक्षार्थियों में पद के छह गुना यानी करीब 7700 अभ्यर्थियों का चयन मेरिट के आधार पर फिजिकल के लिए होगा. परीक्षा की तीनों प्रक्रियाओं के दौरान परीक्षार्थियों के बायोमैट्रिक डिटेल का मिलान होगा. इससे गलत अभ्यर्थी के चयन की संभावना बिलकुल कम रहेगी.

प्रभात खबर
Sun, 17 December 2023
https://epaper.prabhatkhabar.co